दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik | asliazadidainikofficial

# असली आज़ादी

The Voice of Union Territory Dadra and Nagar Haveli and Daman-Diu Since 2005

www.asliazadi.com

■ वर्षः 21, अंकः 225 ■ दमण, बुधवार 27, मई 2026 ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

### भारत सरकार और गुजरात सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का परिणाम

# वापी-कुंता के गोदाम से गुजरात एटीएस और वलसाड एसओजी ने 2.337 किलो मेफेड्रोन ड्रग्स को किया जप्त







■ 658 ग्राम अन्य ड्रग्स भी किया बरामद ■ गुजरात एटीएस और वलसाड एसओजी ने अब्दूल कलाम अब्दुलरब खान और मेहुलकुमार नलीनकुमार मकवाणा को किया गिरफ्तारः राजेश मुरारा मोर्या को वॉन्टेड किया घोषित ■ कुंता के गोदाम में एमडी ड्रग्स का प्रवाही जत्था लाकर उसे सुखाकर प्रोसेस कर छोटे-छोटे पार्सल में आस-पास के क्षेत्रों में ग्राहकों को बेचते थे

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई।

भारत सरकार और गुजरात सरकार की ड्रग्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर गुजरात एटीएस और वलसाड एसओजी लगातार काम करती है। गुजरात एटीएस के डिप्टी सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस एस.एल. चौधरी को गुप्त जानकारी मिली थी कि, राजेश मुरारा मोर्या और उसके साथी अब्दूल कलाम अब्दुलरब खान और मेहुलकुमार नलीनकुमार मकवाणा अवैध तरीके से वापी के कुंता में मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) बना रहे है और उसे बेच रहे हैं। गुजरात एटीएस के डिप्टी सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस एस.एल. चौधरी ने इसकी जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी। गुजरात एटीएस के एसपी के.सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। साथ ही साथ उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पी.डब्ल्यू.एस.आई. आर.सी. वढवाणा, पीएसआई एम.एन. पटेल, पीएसआई बी. डी. वाघेला और उनकी टीम को गुप्त सूचना को सत्यापन करने के लिए कहा किया। जानकारी पुख्ता होने पर एसपी के.सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में गुजरात एटीएस ने वलसाड एसओजी के साथ ज्वॉइंट ऑपरेशन करते हुए वापी-कुंता के भंगार के गोदाम में छापेमारी की। इस छापेमारी में इस टीम ने 2.337 किलो मेफेड्रोन और 658 ग्राम अन्य ड्रग्स बरामद किया है। इस टीम ने अब्दूल कलाम अब्दुलरब खान (निवासीः दमण टावर, खारीवाड, नानी दमण) और मेहुलकुमार नलीनकुमार मकवाणा (निवासीः राज रेसीडेन्सी, लोवर राइस सोसायटी, बलीठा, वापी) को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी राजेश मुरारा मोर्या को वॉन्टेड घोषित किया गया है। एटीएस और एसओजी की टीम ने इस मामले में आगे की जाँच शुरू कर दी है। इस ऑपरेशन में एटीएस एसपी के. सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में डिप्टी सुप्रीटेंडेंट ऑफ पुलिस एस.एल. चौधरी के नेतृत्व में एटीएस पीएसआई बी. डी. वाघेला, पीएसआई मनिष पटेल, वलसाड एसओजी पीआई डी.डी. परमार एवं एटीएस तथा एसओजी की टीम एक साथ शामिल रही। गौरतलब है कि, कुछ महीने पहले भी गुजरात एटीएस ने वापी और दमण से ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश किया था।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दमण दौरे को लेकर भाजपाईयों ने शुरू की स्वागत की भव्य तैयारियां





संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा प्रभारी दुष्यंत पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया के साथ भाजपाईयों ने शहर को भाजपा के ध्वजों से सजाया



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित दमण यात्रा को लेकर आम जनता के साथ-साथ भाजपाईयों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। दमण शहर में प्रधानमंत्री मोदी जी के स्वागत की तैयारियां भी भाजपाईयों ने शुरू कर दी है। आज संघ प्रदेश थ्रीडी भाजपा प्रभारी दुष्यंत पटेल और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया के साथ भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर भाजपा के झंडे लगाये। दमण शहर को भाजपा के झंडे से इतना सुंदर सजाया गया कि पूरा शहर भाजपा के रंग में रंग गया।

# पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीएमसी की टीम ने दमण एयरपोर्ट, मरवड अस्पताल और सभा स्थल स्वामी विवेकानंद ग्राउंड का किया दौरा

■ डीएमसी प्रेसिडेंट दीपिका टंडेल और वाइस प्रेसिडेंट मुकेश पटेल के साथ काउंसिलरों में तमन्ना मिठाणी, सिंपल टंडेल, फिरदोश बानो, निला राणा, प्रविणा राणा, रश्मी हलपति, कपिला ओड रही उपस्थित









असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जून के प्रथम सप्ताह में होने वाले प्रस्तावित दमण दौरे से पहले दमण म्युनिसिपल काउंसिल की टीम ने आज दमण एयरपोर्ट टर्मिनल, मरवड सरकारी अस्पताल और पीएम मोदी के सभा स्थल स्वामी विवेकानंद ग्राउंड का दौरा किया। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रशासक प्रफुल पटेल द्वारा तैयार किये गये नये एयरपोर्ट टर्मिनल और भव्य मरवड अस्पताल सहित के प्रोजेक्टों को नजदीक से निहारकर डीएमसी की टीम गदगद हो गई। इस दौरे में डीएमसी प्रेसिडेंट दीपिका टंडेल और वाइस प्रेसिडेंट मुकेश पटेल के साथ काउंसिलरों में तमन्ना मिठाणी, सिंपल टंडेल, फिरदोश बानो, निला राणा, प्रविणा राणा, रश्मी हलपति और कपिला ओड उपस्थित रही।

# सिलवासा स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में हुई महत्वपूर्ण बैठक





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 26 मई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव प्रदेश भाजपा द्वारा आज सिलवासा स्थित भाजपा कार्यालय अटल भवन में एक महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेश आगरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत पटेल की उपस्थिति रही। बैठक में भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुनील पाटिल, सिलवासा नगरपालिका के अध्यक्ष सोमनाथ पाटिल, दादरा नगर हवेली जिला पंचायत अध्यक्षा निशा भावर, सभी जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारीगण, प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधि, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी तथा जिला स्तर के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्राप्त विभिन्न अभियानों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित दमण यात्रा को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा प्रदेश की अधिक से अधिक जनता को कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया गया।

# दीव जिला भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजित








असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 26 मई। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव भाजपा के मार्गदर्शन में दीव जिला भाजपा अध्यक्ष मोहन लक्ष्मण के कुशल नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत 24 और 25 मई 2026 को सिम्बोर में एक शानदार और सफल दो दिन का जिला ट्रेनिंग क्लास आयोजित किया गया। इस ट्रेनिंग क्लास का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय भावना जगाना, लोगों को पार्टी की विचारधारा से अवगत कराना और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना था। इस दो दिन के ट्रेनिंग कैंप में कुल 11 अलग-अलग सेशन आयोजित किए गए।

दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के 6 स्पीकर्स समेत लीडर्स ने कई ज़रूरी टॉपिक्स पर सही गाइडेंस दी। भाजपा महामंत्री सुनील पाटिल ने अंत्योदय से संतृप्ति, संगठन के 'वर्किंग मेथड' और आज के ज़माने में 'सोशल मीडिया, अक् नमो ऐप और रअफ्फ्अछ ऐप' के इस्तेमाल पर मार्गदर्शन दिया। जीतूभाई माढा ने 'डेवलपमेंट, केयर और रिस्पॉन्सिबिलिटी' के साथ-साथ 'वर्क एरिया' टॉपिक पर डिटेल में मार्गदर्शन दिया। अनिल दीक्षित ने पार्टी के 'आइडियोलॉजिकल हेडक्वार्टर्स' टॉपिक पर सभी को जानकारी दी। किरीट वाजा ने 'देश के सामने चैलेंज और उन्हें सॉल्व करने की हमारी कोशिशें' पर अच्छी चर्चा की। विशाल टंडेल ने जनता के बीच काम करने पर 'प्रैक्टिकल सेशन' किया।

हितेश लाड ने भाजपा के इतिहास' और हमारे 'विचार परिवार' के बारे में जानकारी दी। बिपिन शाह ने चुनाव के सबसे ज़रूरी पहलू 'बूथ मैनेजमेंट' पर स्ट्रेटेजिक गाइडेंस दिया। इस कैंप के आखिरी सेशन में दीव डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मोहन लक्ष्मण ने बहुत इंस्पायरिंग और एनर्जी से भरपूर गाइडेंस दिया। उनके लगातार गाइडेंस में ही यह दो दिन का प्रोग्राम सफल रहा।

उन्होंने पहले देश, दूसरी पार्टी और आखिर में खुद के बेसिक प्रिंसिपल पर ज़ोर दिया, जिससे वहां मौजूद सभी लोगों में नई एनर्जी भर गई। उन्होंने साफ मैसेज दिया कि अगर पार्टी और अपना डेवलपमेंट पक्का करना है, तो हममें से हर एक को 'खुद' की फीलिंग छोड़कर खुद को पूरी तरह से देश और ऑर्गनाइजेशन के लिए डेडिकेट करना होगा।इस ट्रेनिंग क्लास में रीजन, डिस्ट्रिक्ट, मंडल और फ्रंट के पदाधिकारियों के साथ-साथ दीव नगर पालिका के प्रेसिडेंट और डिस्ट्रिक्ट पंचायत के प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट खास तौर पर मौजूद थे। इसके साथ ही, इस कैंप के ज़रिए सभी अटेंडीज़ में नई एनर्जी और जोश भर गया है। सभी सेशन जानकारी देने वाले थे और आने वाले समय में पब्लिक सर्विस और ऑर्गनाइज़ेशनल काम को और तेज़ करने का संकल्प लिया गया।

# गुजरात में 18 से 20 जून तक 'शाला प्रवेशोत्सव', मुख्यमंत्री समेत मंत्री करेंगे बच्चों का कराएंगे दाखिला

गांधीनगर (ईएमएस)। गुजरात सरकार ने राज्य की स्कूलों में बच्चों के नामांकन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष आयोजित होने वाले 'शाला प्रवेशोत्सव' कार्यक्रम की तारीखों की घोषणा कर दी है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष राज्यव्यापी शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 18 जून से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। सरकार की ओर से आयोजित इस विशेष अभियान में राज्य के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा मंत्रिमंडल के सभी सदस्य विभिन्न जिलों और स्कूलों में पहुंचकर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ना और प्राथमिक शिक्षा के स्तर को मजबूत बनाना है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार लंबे समय से शिक्षा के विस्तार और बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित करने के लिए शाला प्रवेशोत्सव को प्राथमिकता देती रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हालांकि, प्रशासनिक आवश्यकताओं और वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा में मामूली बदलाव की संभावना भी जताई गई है। इसके बावजूद सरकार ने साफ किया है कि बच्चों के प्रवेश और शिक्षा प्रोत्साहन से जुड़े सभी प्रमुख आयोजन पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार ही संचालित किए जाएंगे।

जून महीने के मध्य में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों में अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्कूलों का दौरा करेंगे। इस अवसर पर बच्चों को स्कूल किट, अध्ययन सामग्री और अन्य प्रोत्साहन सामग्री भी वितरित की जाएगी। राज्य सरकार का मानना है कि शाला प्रवेशोत्सव जैसे अभियान न केवल बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हैं, बल्कि अभिभावकों में भी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# बकरीद को लेकर गुजरात पुलिस अलर्ट: डीजीपी डॉ. राव ने अधिकारियों संग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

गांधीनगर (ईएमएस)। गुजरात में आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य के पुलिस प्रमुख डॉ. के. एल. एन. राव की अध्यक्षता में आज पुलिस भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य के सभी शहरों के पुलिस कमिश्नर, जिला पुलिस अधीक्षक तथा रेंज अधिकारियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। बैठक में त्योहार के दौरान राज्यभर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाए रखने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो तथा सामाजिक सौहार्द और सांप्रदायिक एकता बनी रहे, इसके लिए जिला स्तर पर अग्रिम तैयारी और कड़े पुलिस बंदोबस्त सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में राज्य के संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस तैनाती, सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर कड़ी निगरानी, ट्रैफिक प्रबंधन तथा आपातकालीन सेवाओं की तत्परता बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति, सुरक्षा और जनसुविधा बनाए रखने के लिए पूरे राज्य में विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

# इंडिगो की बेंगलुरु-चेन्नई फ्लाइट में धुआं, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला गया

बेंगलुरु (ईएमएस)। बेंगलुरु से चेन्नई जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में मंगलवार को अचानक धुआं दिखाई देने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक फ्लाइट संख्या 6ई-6017 में धुएं जैसी स्थिति बनने के बाद इमरजेंसी प्रक्रिया अपनाई गई और यात्रियों को तुरंत इमरजेंसी गेट के जरिए बाहर निकाला गया। बताया जा रहा है कि विमान में धुआं दिखाई देने के बाद यात्रियों के बीच घबराहट फैल गई। एयरपोर्ट स्टाफ और क्रू मेंबर्स ने तुरंत स्थिति को संभाला और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी यात्री के घायल होने की खबर नहीं है। इंडिगो की ओर से फिलहाल विस्तृत बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तकनीकी जांच शुरू कर दी गई है। शुरुआती जानकारी में तकनीकी खराबी या किसी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से धुआं उठने की आशंका जताई जा रही है। विमान को फिलहाल जांच के लिए रोक दिया गया है। हाल के दिनों में विमानों में धुआं, आग या तकनीकी खराबी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिन पहले चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर भी इंडिगो की एक फ्लाइट में पावर बैंक में आग लगने के बाद इमरजेंसी निकासी करानी पड़ी थी। विमानन सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की जांच में जुट गई हैं और यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया गया है।

# बेटे की शादी में 3500 ग्रामीणों को दिया दुर्घटना बीमा का तोहफा

मुंबई,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादरपुरा गांव में एक शादी सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल बनी है। जहां आमतौर पर शादी समारोहों में लाखों रुपये भव्य सजावट और आतिशबाजी पर खर्च होते हैं, वहीं पेठकर परिवार ने अपने बेटे सिद्धेश्वर पेठकर के विवाह को यादगार बनाकर समाज सेवा से जोड़ दिया। उन्होंने पूरे गांव के करीब 3500 लोगों का दुर्घटना बीमा कराकर एक ऐसी पहल की है, जिसकी हर ओर चर्चा हो रही है। पेठकर परिवार का मानना है कि विवाह केवल व्यक्तिगत खुशी का मौका नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम भी होना चाहिए। इसी सोच के साथ, सिद्धेश्वर और मंजुषा के विवाह समारोह के अवसर पर, परिवार ने गांव के लोगों को भविष्य में किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया। इस कदम का उद्देश्य आकस्मिक परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक संकट से बचाना है। जैसे ही पहल की जानकारी गांव में सामने आई, ग्रामीणों में खुशी और गर्व का माहौल छा गया। गांव के बुजुर्गों और अन्य लोगों ने कदम की जमकर प्रशंसा की। उनका कहना है कि उन्होंने पहली बार किसी शादी में ऐसा प्रेरणादायक सामाजिक संदेश देखा है, और यह आने वाले समय में अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

पेठकर परिवार के इस अनूठे कार्य की इलाके में व्यापक चर्चा हो रही है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी पहल की सराहना कर कहा है कि यदि समाज के सक्षम लोग अपने निजी आयोजनों को सामाजिक हित से जोड़ें, तब कई जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। बहादरपुरा गांव में अब यह शादी केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन गई है, जिसने खुशियों के अवसर पर समाज के बारे में सोचने की एक नई शुरुआत की है।

# राम मंदिर में 'पास' की अनिवार्यता खत्म, पूरे परिसर का दर्शन अब होगा संभव

अयोध्या (ईएमएस)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर परिसर के भीतर स्थित सभी प्रमुख और पूरक मंदिरों में दर्शन करने के लिए 'पास' की अनिवार्य बाध्यता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। अब श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार न केवल रामलला दर्शन कर सकेंगे बल्कि राम दरबार परकोटे के छह देवी देवताओं के मंदिरों और सप्त ऋषियों-मुनियों के मंदिरों में भी बिना किसी रोक-टोक के सुगमता से दर्शन-पूजन कर पाएंगे। हालांकि ट्रस्ट ने साफ किया है कि यह खुली छूट और व्यवस्था अधिक दिनों तक स्थायी नहीं रहने वाली है। जैसे ही राम मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की दैनिक संख्या एक लाख से अधिक होने लगेगी, वैसे ही ट्रस्ट अपनी पुरानी पास व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दोबारा कड़ाई से लागू कर देगा। उस स्थिति में केवल सुगम, विशिष्ट, नित्य और सामान्य पास धारकों को ही तय नियमानुसार अलग-अलग श्रेणी के मंदिरों में प्रवेश व दर्शन का अधिकार मिल सकेगा।

केंद्रशासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमण और दीव प्रशासन
नागरिक उड्डयन विभाग, दा.न.ह. एवं दमण एवं दीव
**नीलामी सूचना**
दमण हवाई अड्डा, नानी दमण में 07 दुकाने, 02 टैक्सी काउंटर और 01 रेस्तरां संचालित करने की अनुमति के लिए।
RFP No. CAD/DNH&DD/Airport/Auctions/2025-26/69
visit https://ddd.gov.in/ dnhddtourism@gmail.com Phone No. 9714077224
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 05/06/2026
बोली खुलने की तिथि :06/06/2026
सचिव PWD/ नागरिक उड्डयन विभाग कार्यालय, विद्युत भवन, कचीगाम, दमण - 396 215
No.: IP/DMN/2/5/2026-27/183 dated: 26/5/2026

संघ प्रदेश दादरा और नगरहवेली तथा दमण और दीव
प्रबंधन समिति, उपवनसंरक्षक, वनविभाग, दमण
**निविदा आमंत्रण सूचना**
मोती दमन स्थित जम्पोर बीच के पास स्थित जम्पोर हाउस के संचालन और रखरखाव के लिए प्रबंधन अनुबंध के आधार पर एक एजेंसी के चयन हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध।
टेंडर आईडी नंबर : 2026_DAMAN_4777_1
प्रीबिड मीटिंग की तारीख : 29/05/2026
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 11/06/2026
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 11/06/2026
बोली खुलने की तिथि : 12/06/2026
For details please scan https://ddtenders.gov.in
उपवनसंरक्षक, वनविभाग, दमण
No.: IP/DMN/2/5/2026-27/182 dated: 26/5/2026

संघ प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव
लोक निर्माण विभाग - दमन
निविदा आमंत्रण सूचना
देवका गार्डन, नमो पथ, नानी दमन में स्थायी प्रकाश व्यवस्था के लिए सजावटी प्रकाश व्यवस्था के तत्वों की खरीद के संबंध में।
टेंडर आईडी नंबर : 2026_DAMAN_4789_1
प्रीबिड मीटिंग की तारीख : ---
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 01/06/2026
हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 01/06/2026
बोली खुलने की तिथि : 01/06/2026
For details please scan https://ddtenders.gov.in
कार्यपालक अभियंता,लो.नि.वि., दमण,
No.: IP/DMN/2/5/2026-27/181 dated: 26/5/2026

## CHANGE OF NAME
I HAVE CHANGED MY NAME FROM OLD NAME - RIZWANA MOMTAZ TO **NEW NAME RIZWANA MUMTAZ PRADHAN (PASSPORT NO.N3080520) ADDRESS: -** 14-79/B/1/G-11,ALPHA VILLA DILIP NAGAR ,OPPOSITE DILIP NAGAR CROSS LANE NO.5,KATHIRA,NANI DAMAN 396210

## CHANGE OF NAME
OLD NAME - NITIXA KAMLESH PATEL
**NEW NAME - NITIKSHA KAMLESH PATEL**
**ADDRESS -** 62-3 KOLIWAD KACHIGAM NANI DAMAN, DAMAN-396210

## CHANGE OF NAME
I HAVE CHANGED MY NAME FROM OLD NAME : JADHAV JAYANT BASWANT TO **NEW NAME : JAYANT BASWANT JADAV**, RESIDENT OF 1098/36 TULSI NIWAS,COLLAGE FALIYA,NEAR GOVT COLLAGE,DUNETHA,NANI DAMAN,DAMAN, DAMAN AND DIU - 396210.

## CHANGE OF NAME
I HAVE CHANGED MY NAME FROM OLD NAME : THAKORBHAI BHAGVANBHAI TANDEL TO **NEW NAME : THAKORBHAI BHAGWANBHAI TANDEL**, RESIDENT OF 244,VGGP,NEAR PRIMARY SCHOOL,NANI DAMAN,DAMAN, DAMAN AND DIU - 396210.

## CHANGE OF NAME
I HAVE CHANGED MY NAME FROM OLD NAME : PATEL SAKINABANU ABDULSATAR TO **NEW NAME : SAKINABANU**, RESIDENT OF 204-3,VAHANWALA FALIA,NANI DAMAN,DAMAN,DAMAN AND DIU - 396210.






# कच्छ आशापुरा माँ का दर्शन करके दीव लौट रहे परिवार का हुआ एक्सीडेंट, 4 की हुई मौत










असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 26 मई। कच्छ स्थित आशापुरा माता मंदिर से दर्शन करके दीव लौट रहे परिवार की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। बताया गया है कि मालिया के हरिपर के पास टायर फटने के बाद इको कार डिवाइडर से फांदकर एक ट्रक से टकरा गई, जिसमें एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सूत्रों से मिलीं जानकारी के मुताबिक, दीव का कापड़िया परिवार अपनी इको कार से कच्छ में माता के मढ़ गांव स्थित आशापुरा माता मंदिर के दर्शन करने गया था। मां के मंदिर के दर्शन करने के बाद परिवार दीव लौट रहा था, तभी उनकी इको कार DD-02-G-8314 मालिया तालुका के हरिपर गांव में पाटिया के पास से गुजर रही थी। किसी वजह से इको कार का टायर फट गया, जिससे ड्राइवर का स्टीयरिंग व्हील से कंट्रोल खो गया और इको कार डिवाइडर फांदकर सड़क के दूसरी तरफ से गुजर रहे एक ट्रक से टकरा गई, जिससे एक्सीडेंट हो गया। इको कार में बैठे कुल छह लोगों में से एक बच्चे समेत कुल चार लोगों की इस एक्सीडेंट में मौत हो गई। जिसमें कार चालक भरतकुमार विरजीभाई बांभनिया (50), निवासी दीव-घोघला, कंचनबेन विरजीभाई बांभनिया (60) निवासी घोघला-दीव, जीवांशु मनोज कापड़िया (8) निवासी घोघला-दीव, मनोज लक्ष्मण कापड़िया (50) निवासी घोघला-दीव शामिल हैं। ये चारों मृतक दीव के घोघला गांव के कापड़िया परिवार के हैं। घायल जागृतिबेन मनोज कापड़िया (35) और उनकी पुत्री वैदर्शी मनोज कपाड़िया (12) को इलाज के लिए राजकोट रेफर किया गया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोरबी सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया। घटना की सूचना मालिया तालुका पुलिस स्टेशन में दी गई। पुलिस ने दुर्घटना का संज्ञान लिया और दुर्घटना में शामिल वाहनों को घटनास्थल पर सड़क के किनारे करने की कार्रवाई की और मालिया कच्छ राजमार्ग पर यातायात को साफ करने की कार्रवाई की गई। आज इन चारों शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। आज चारों शवों को दीव में घर लाया गया तो उनके परिवारों में दिल दहला देने वाला नजारा बन गया। आज चारों शवों का अंतिम संस्कार कर उन्हें विदाई दी गई। इस दर्दनाक घटना से मृतक के परिवार समेत पूरे दीव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# कडैया ग्राम पंचायत में नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का हुआ सफल आयोजन




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई । स्थानीय स्तर पर खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं में खेल की भावना जगाने के इरादे से कडैया ग्राम पंचायत ने एक शानदार नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया। रविवार 25 मई की रात कडैया में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में इलाके की कुल 7 टीमों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के शानदार खेल और खेल प्रेमियों के जबरदस्त जोश के बीच 26 मई को टूर्नामेंट संपन्न हुआ। इस स्पोर्ट्स फेस्टिवल के मौके पर इलाके के जाने-माने राजनीतिक और सामाजिक लोग खास तौर पर मौजूद रहे और खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेश आगरिया, पूर्व सांसद लालू पटेल, दमण जिला पंचायत अध्यक्ष धरम पटेल और दमण जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष नवीन पटेल मौजूद थे। इसके अलावा कडैया ग्राम पंचायत के सरपंच शंकर पटेल, कडैया के जिला पंचायत सदस्य हर्षल पटेल और कडैया ग्राम पंचायत सदस्य अरविंद आगरिया सहित अन्य महानुभावों ने उपस्थित रहकर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की तारीफ की। टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। फ़ाइनल मुकाबला देवका मांगेला और जय अम्बे टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान जीतने के लिए कड़ी टक्कर दी, जिसमें आखिर में देवका मांगेला टीम ने शानदार और आक्रामक खेल दिखाते हुए चैंपियनशिप ट्रॉफ़ी अपने नाम की, जबकि 'जय अम्बे' टीम रनर-अप रही। विजेता और रनर-अप दोनों टीमों के खिलाड़ियों को समापन समारोह में मौजूद सभी गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया। इसके साथ ही दोनों टीमों को आकर्षक ट्रॉफ़ी और कैश प्राइज देकर प्रोत्साहित किया गया। ग्राम पंचायत के इस सुंदर आयोजन के लिए इलाके के खेल प्रेमियों और स्थानीय युवाओं ने सरपंच और पंचायत की पूरी टीम को बधाई दी।

# दमण में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के लिए चुनावी अधिकारियों और टीमों को दिया गया प्रशिक्षण



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई । दमण और दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए चुनावी तैयारियों को तेज कर दिया गया है। इसी सिलसिले में जिला निर्वाचन कार्यालय दमण द्वारा जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया को सुचारू, सटीक और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न चरणों में व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण अभियान की शुरुआत 22 मई 2026 को हुई, जहां नोडल अधिकारी द्वारा दमण और दीव जिलों के मास्टर ट्रेनर्स और स्वीप नोडल अधिकारियों को महत्वपूर्ण तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात इस प्रशिक्षण के दूसरे चरण का विस्तार करते हुए 25 और 26 मई 2026 को सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज वरकुंड (नानी दमण) में एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बूथ स्तर के अधिकारियों, बीएलओ पर्यवेक्षकों, स्वीप जागरूकता टीमों और ईआरओ/एईआरओ स्क्रूटनी टीमों को गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बूथ स्तर के अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रत्येक पंजीकृत मतदाता के घर-घर जाकर प्रगणन फॉर्म के माध्यम से डेटा का सत्यापन करें। इसके साथ ही स्वीप जागरूकता टीमों को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में नागरिकों के बीच चुनावी साक्षरता बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे आम जनता को इस विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और बीएलओ अधिकारियों को अधिकतम सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित करें। इस पूरे प्रशिक्षण सत्र का मुख्य उद्देश्य फील्ड-स्तरीय तैयारियों को मजबूत करना, प्रक्रियात्मक स्पष्टता सुनिश्चित करना और सभी चुनावी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। जिला निर्वाचन कार्यालय को विश्वास है कि जमीनी स्तर पर किए जा रहे इन सहयोगात्मक प्रयासों से एक समावेशी, त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने में मदद मिलेगी।

# दानह प्रशासन, निर्वाचन विभाग ने गायत्री मंदिर सिलवासा में एसआईआर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया आयोजन





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 26 मई । दादरा नगर हवेली प्रशासन, निर्वाचन विभाग, एसआईआर टीम द्वारा आज सिलवासा नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 06 की काउंसिलर रजनी शेट्टी के मार्गदर्शन में श्री दत्त मंदिर न्यू सब्जी मार्केट, गायत्री मंदिर सिलवासा में मतदाता सूची अपडेट करने से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुचारू, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से मतदाता सूची तैयार करनी है। इसलिए एसआईआर टीम द्वारा सिलवासा वार्ड 06 के सभी रहवासियों को एसआईआर से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन विभाग, एसआईआर अधिकारी मिलन सोलंकी एवं नोडल ऑफिसर, डॉ. अनिता कुमार द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम संशोधन, स्थानांतरण एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात सिलवासा नगरपालिका परिषद के वार्ड नंबर 06 की पार्षद रजनी शेट्टी ने अपने अभिभाषण में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को एसआईआर कार्यक्रम के तहत बताये गए मार्गदर्शन हेतु प्रेरित किया तथा एसआईआर के तहत दी गई जानकारी की सूचना सभी मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए एसआईआर टीम का धन्यवाद करते हुए दत्त मंदिर के पास उपस्थित सभी लोगों को मतदाता सूची के इस कार्य को पूर्ण करने हेतु अपना सहयोग देने की अपील की। दादरा नगर हवेली के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम उनके गांव/राज्य/जिले की वर्ष 2002 अथवा 2003 की पिछली SIR मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं। यदि नाम की जानकारी उपलब्ध नहीं है, तो मतदाता अपने क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारी (BLO) से संपर्क कर सकते हैं, चुनाव विभाग कार्यालय में जाकर जांच कर सकते हैं अथवा वेबसाइट पर जाकर आवश्यक विवरण भरकर नाम खोज सकते हैं। यदि पिछले SIR-2002 या 2003 की मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं मिलता है, तो मतदाताओं को अपने माता-पिता के नाम की पुष्टि करनी होगी। यदि माता-पिता के नाम की भी पुष्टि नहीं हो पाती है, तो संबंधित मतदाता को आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने होंगे। ये दस्तावेज अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा चुनाव विभाग सिलवासा में जमा करना आवश्यक होगा। आवश्यक दस्तावेजों में केंद्र/राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी हेतु जारी पहचान पत्र अथवा पेंशन भुगतान आदेश 01 जुलाई 1987 से पूर्व जारी पहचान पत्र/प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मैट्रिकुलेशन अथवा शैक्षिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी/एससी/एसटी अथवा अन्य जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र शामिल हैं। सभी मतदाताओं से विशेष अनुरोध है कि जब बूथ स्तरीय अधिकारी उनके घर आएं, तो वे पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि पुनरीक्षण प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके। यह पुनरीक्षण प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अतः दादरा नगर हवेली के सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा की जाती है।

# अंडर-19 फाइनल मुकाबले में यूटी डीएनएचडीडीसीए की शानदार जीत




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 26 मई । दमण के वरकुंड स्थित लकमी 360 क्रिकेट ग्राउंड पर अंडर 19 का मुकाबला यूटी डीएनएचडीडी और GENIUS CRICKET ACADEMY VAPI के बीच खेला गया। इस फाइनल मुकाबले में यूटी डीएनएचडीडी की टीम ने टोस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए। जिसमें रोहित ठाकुर ने सबसे अधिक 46 रन बनाए, समीर मेहरा ने 37 रन बनाए। GENIUS CRICKET ACADEMY 171 रनों का पीछा करते हुए 123 रनों पर आलआउट हो गई। यूटी डीएनएचडीडी की टीम की ओर से अच्छी गेंदबाजी करते हुए समीर मेहरा ने 4 विकेट चटकाये। बेस्ट बैट्समैन का खिताब रोहित ठाकुर को मिला, जिन्होंने 46 रन बनाकर अपने नाम कर किया। जबकि मैन ऑफ द मैच बने समीर मेहरा ने 37 रन बनाए और 4 विकेट चटकाए और अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच देखने और खिलाडियों का हौसला बढाने नीमेश दमणिया, कैलाश कामली, भरत दमणिया और अनिलभाई उपस्थित रहकर इनाम वितरण समारोह में हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने मे उमेश भंडारी का सराहनीय सहयोग रहा। ज्ञात हो कि डीडीसीए सेक्रेटरी उमेश भंडारी क्रिकेट की उन्नति के लिए हरदम क्रिकेट ग्राउंड पर हर संभव कोशिश करते रहते है। अंत में जीतू दमणिया ( टीम मैनेजर) ने सभी उपस्थित मेहमान और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)